RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 17 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 266 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने मुंबा देवी मंदिर की साफ -सफाई में लिया हिस्सा

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को बढ़ा रहे है आगे...







**फणडवीस के साथ विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर,मंत्री लोढ़ा,दीपक केसरकर ने की मंदिर की सफाई**

**मुंबई :** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है.मंदिर के उद्घाटन के पहले पीएम मोदी ने देश के सभी मंदिरों में साफ -सफाई करने के लिए आह्वान किया है.पीएम मोदी के आव्हान पर मंगलवार को सुबह -सुबह उपमुख्यमंती देवेंद्र फडणवीस मुंबादेवी मंदिर पहुचें जहाँ पर उन्होंने मंदिर की साफ -सफाई में हिस्सा लिया फडणवीस के साथ राज्य के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कौशल विकास व रोजगार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, भाजपा नेता शायना एनसी, पूर्व मंत्री राज के पुरोहित पूर्व विधायक अतुल शाह, पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष शरद चिंतनकर भी उपस्थित थे। मुंबादेवी मंदिर की ओर से प्रबंधक हेमंत जाधव ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। मंदिर के ट्रस्टी मिहिर मेहता, चंद्रकांत संघवी और राजीव चौकसी ने सभी को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने खुद मंदिर के सामने फर्श को पानी और साबुन से धोया और मंगल प्रभात लोढ़ा, दीपक केसरकर और राहुल नार्वेकर ने भी मंदिर की साफ -सफाई में हिस्सा लिया इन सभी कार्यक्रमों में स्थानीय मुंबई मनपा के अधिकारियों के साथ-साथ मंदिर के सेवक भी शामिल हुए।

# धारावी निवासियों की बल्ले-बल्ले

## अब मिलेगा 350 वर्ग फुट का फ्लैट... वो भी किचन-बाथरूम के साथ

**मुंबई : एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी के लोगों के लिए गुड न्यूज है। मुंबई के धारावी पुनर्विकास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास जारी है। इस परियोजना का ठेका अडानी समूह की कंपनी को मिला है। खबर है कि कुछ ही हफ्तों में धारावी के मैपिंग का का काम शुरू हो जाएगा।**



बिजनेस टाइकून गौतम अडानी के स्वामित्व वाले समूह ने 2022 के आखिरी में धारावी के पुनर्विकास का सरकारी कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था। रिपोर्टों के अनुसार, मार्च महीने में लगभग 600 एकड़ के घने इलाके का सर्वेक्षण शुरू कर दिया जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया ने मंगलवार को बताया कि धारावी में सर्वेक्षण दो हफ्ते में शुरू हो जाएगा। इस बीच, अडानी समूह धारावी पुनर्विकास के बाद झुग्गी-बस्ती के पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट के नए फ्लैट देगा। साथ ही दावा किया है कि इन फ्लैट का आकार झुग्गी पुनर्विकास परियोजनाओं के तहत प्रस्तावित आकार से 17 प्रतिशत अधिक है। अडानी समूह की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नए फ्लैट में किचन और शौचालय होंगे। इससे पहले अनौपचारिक झुग्गियों के निवासियों को 269 वर्ग फुट के फ्लैट दिए जाते थे। लेकिन राज्य सरकार ने 2018 से 315-322 वर्ग फुट का फ्लैट देना शुरू किया। महाराष्ट्र के विपक्षी दलों का आरोप है कि धारावी पुनर्विकास की आड़ में महाराष्ट्र सरकार अडानी समूह को फायदा पहुंचा रही है। राज्य सरकार ने समूह को बड़ी रियायतें दी है। दरअसल अडानी समूह महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से धारावी झोपड़पट्टी का पुनर्विकास कर रहा है। महाविकास आघाडी (एमवीए) के नेताओं ने धारावी परियोजना का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने की मांग की है।

# महाराष्ट्र और एमपी से नशीली दवाई सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशीली दवाइयों की कारोबारी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। बीते दिनों रायपुर के पंडरी पुराना बस स्टैंड के पास अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली सिरप कोड़िन बेचने के फिराक में ग्राहक तलाशते आरोपी मोहम्मद अहमद 22 साल, निवासी संजय नगर और डोमार उर्फ पिंटू 24 साल, निवासी संजय नगर को गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से कुल 120 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन कीमती लगभग 25 हजार रुपये जब्त कर कार्रवाई की गई।

# नवी मुंबई में कंस्ट्रक्शन कारोबारी की हत्या

## पत्नी और ड्राइवर पर आरोप, ड्राइवर गिरफ्तार




**नवी मुंबई:** सीवुड्स सेक्टर 44 स्थित अमन बिल्डर्स के ऑफिस में कंस्ट्रक्शन कारोबारी मनोज सिंह की सिर पर लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करने में सफलता हासिल की है. यह बात सामने आई है कि मृतक मनोज सिंह के ड्राइवर और सिंह की पत्नी ने यह कृत्य किया है। साथ ही वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी पत्नी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

सीवुड्स सेक्टर 44 में अमन डेवलपर्स के बिल्डर मनोज सिंह शनिवार को अपने कार्यालय में खून से लथपथ मृत पाए गए। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब सुबह रोजाना की तरह कर्मचारी कार्यालय आये. इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस उपायुक्त विवेक पानसरे, सहायक आयुक्त राहुल गायकवाड, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद तोरदामल दल-बल के साथ मौके पर आये. शव की स्थिति के आधार पर पुलिस ने शुरू में यह मान लिया कि हत्या गोली मारकर की गयी है. लेकिन बाद में जांच में पता चला कि हत्या गोली से नहीं बल्कि सिर में कोई अन्य भारी वस्तु डालकर की गई थी. जब पुलिस ने सिंह से जुड़े सभी लोगों की गहन जांच शुरू की, तो उनका ड्राइवर शम्सुद्दीन खान कोई प्रासंगिक जवाब नहीं दे सका। इसलिए उसे हिरासत में लिया गया और सीधे थाने लाया गया. वहां पुलिस ने गहन पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली और बताया कि इसमें मृतक सिंह की पत्नी भी शामिल थी. पुलिस ने जब उसकी पत्नी से पूछताछ की तो उसने भी अपनी संलिप्तता की जानकारी दी. गिरफ्तार किए जाने के बाद, खान को रविवार को एक विशेष अदालत में पेश किया गया और उसे 18 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मनोज सिंह की पत्नी और उनमें सहमति नहीं थी. सिंह को कुछ साल पहले धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। चार महीनों के दौरान वह जेल में था, उसकी पत्नी और ड्राइवर और खान, जो पैडेल में काम करते थे, करीब आ गए। इस वजह से सिंह की पत्नी और खान यह सोच कर मनोज सिंह को मारने की योजना बना रहे थे कि मनोज सिंह को मार कर वे सारी संपत्ति हासिल कर लेंगे.

# गोल्ड तस्करी का ये तरीका दिमाग को हिला देगा,

## 2.58 करोड़ रुपये के सोने के साथ 4 अरेस्ट



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सोने की तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मुंबई एयरपोर्ट का है। डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से चार किलो सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 2.58 करोड़ रुपये है। डीआरआई ने सोने की तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

**इनरवियर में रखा था गोल्ड**

मुंबई जोनल यूनिट के डीआरआई अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई एयरपोर्ट पर दो यात्रियों को रोका। ये यात्री जेद्दा से मुंबई पहुंचे थे। यात्रियों की तलाशी ली गई और उनमें से प्रत्येक के पास से मोम के रूप में 1 किलोग्राम सोने की धूल जब्त की गई, जो विशेष रूप से दोनों यात्रियों के इनरवियर में सिल दी गई थी। इसके अलावा रोके गए व्यक्तियों के सामान की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने उनके द्वारा ले जाए गए 3 मिक्सर ग्राइंडर की जांच की। इसके एक हिस्से को काटने पर पता चला कि उसमें लगभग 2 किलोग्राम सोने के टुकड़े छुपाए गए थे। इस प्रकार कुल 4 किलोग्राम तस्करी का सोना बरामद किया गया।

इसके बाद पता चला कि दो व्यक्ति एयरपोर्ट के बाहर यात्रियों से सोना लेने आ रहे थे। अधिकारियों ने जाल बिछाकर दोनों व्यक्तियों को भी गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।




## संपादकीय / लेख



### गरीबी से जंग और विकास संबंधी बहस

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

नीति आयोग द्वारा इस सप्ताह जारी एक और चर्चा पत्र के अनुसार बीते नौ वर्षों में करीब 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद और वरिष्ठ सलाहकार योगेश सूरी द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम तथा ऑक्सफर्ड नीति एवं मानव विकास पहल की मदद से तैयार की गई इस रिपोर्ट का इरादा यह दिखाना है कि बीते नौ वर्षों में विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों ने बहुआयामी गरीबी पर क्या असर डाला। पत्र लेखकों के व्यक्तिगत विचारों को दर्शाता है और इसमें पाया गया कि बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 फीसदी से कम होकर 2022-23 में 11.28 फीसदी रह गई। माना जा रहा है कि जल्दी ही यह गरीबी घटकर एक अंक में रह जाएगी। ध्यान देने वाली बात है कि ताजा राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (2015-16) और पांच (2019-20) पर आधारित है। चूंकि उपयुक्त प्रासंगिक अवधि के लिए आंकड़े अनुपलब्ध थे इसलिए अध्ययन में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ही आकलन किया गया।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को पारंपरिक मानकों की तुलना में बेहतर संकेतक माना जाता है। उदाहरण के लिए आय के अनुमान हासिल करना मुश्किल है। इसी प्रकार खपत सर्वेक्षण गरीबी और बेहतरी के स्तर का आकलन करने के लिहाज से अपर्याप्त पाए गए हैं। इसके अलावा संभव है ये तरीके नीतिगत हस्तक्षेप के असर को पूरी तरह से आकलित न कर पाते हों। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक तीन व्यापक क्षेत्रों में 10 संकेतकों को शामिल करता है। ये हैं शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर। वैश्विक संकेतकों के अलावा भारतीय संस्करण में मातृत्व स्वास्थ्य और बैंक खाते भी शामिल हैं। निश्चित तौर पर बहुआयामी गरीबी सूचकांक जहां एक व्यापक तस्वीर पेश करता है वहीं आय और व्यय के आंकड़ों की जरूरत की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

गरीबी के भिन्न-भिन्न पहलुओं पर केंद्रित पर नजर डालते और अधिक आंकड़ों की मदद से बेहतर तस्वीर और बेहतर सूचित नीति निर्माण प्राप्त किया जा सकता है। 2017-18 में हुए अंतिम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण को सरकार ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उसके आंकड़े गुणवत्तापूर्ण नहीं हैं। बीते कुछ दशकों में उच्च आय वृद्धि और नीतिगत हस्तक्षेप की मदद से गरीबी में काफी कमी आई। जैसा कि इस पत्र में कहा गया है बहुआयामी गरीबी के शिकार लोगों की तादाद 2005-06 के बाद के 15 वर्षों में 40.38 फीसदी कम हुआ है। गरीबी की तीव्रता में भी काफी कमी आई है। गरीबी में कमी उत्सव मनाने लायक बात है लेकिन भारत को अभी भी इस क्षेत्र में लंबा सफर तय करना है। ऐसे में नीतिगत प्रयास इस बात पर केंद्रित होने चाहिए कि कैसे दीर्घावधि में टिकाऊ आर्थिक वृद्धि हासिल की जाए। भारत को अभी भी निम्न-मध्य आय वाला देश माना जाता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ट्रैफिक पुलिस ने की अटल सेतु पर वाहन रोककर सेल्फी लेने वालों पर कार्रवाई...

## 300 चालकों पर ठोका जुमार्ना !



**मुंबई :** मुंबई और नवी मुंबई यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत करीब 300 चालकों के खिलाफ कार्रवाई किया है। जिन्होंने अटल सेतु (एमटीएचएल) पर अनावश्यक रूप से अपने वाहनों को रोककर पिकनिक मनाते हुए तस्वीर (सेल्फी) खींची और वाहनों की आवाजाही को प्रभावित किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, अभी चालकों पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। क्योंकि अपराध समझौता योग्य है, हमने यह भी ध्यान रखा कि देश के सबसे लंबे समुद्री पुल पर उनकी यात्रा का आनंद लेने का उनका अनुभव खराब न हो। लेकिन दोबारा समुद्री पुल पर वाहन रोकने पर मोटर चालकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुंबई स्थित शिवडी से नवी मुंबई के न्हावा शेवा के बीच 21.8 किमी, देश का सबसे लंबा समुद्री लिंक पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसके बाद ब्रिज को लोगों के लिए खोल दिया गया है। समुद्री पुल के बारे में वायरल सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो को देखते हुए लोग आनंद लेने के लिए पुल पर इकट्ठा हो गए। इस बीच लोगों ने अपने वाहनों को रोककर सेल्फी ली और पिकनिक स्पॉट की तरह घूमते नजर आए। इस दौरान कुछ नागरिकों ने पुल के किनारे खड़े वाहनों और तस्वीरें लेने के लिए डेक पर चल रहे लोगों का वीडियो और तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किया और मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भी टैग किया। जिसके बाद दोनों शहर की यातायात पुलिस हरकत में आ गई और आनन-फानन में कार्रवाई शुरू कर दिया।

मुंबई के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, दक्षिण-मध्य डिवीजन के एसीपी अब्दुल सैयद और वडाला ट्रैफिक डिवीजन के एपीआई शरद पाटिल के नेतृत्व में टीमों ने 120 उल्लंघनकर्ताओं को दंडित किया है। जिन पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 122 और 177 के तहत आरोप लगाए गए थे।

नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी तिरुपति काकड़े के मुताबिक, हमने रविवार को रात 9 बजे तक 144 मोटर चालकों को पुल पर रुकने के लिए दंडित किया है और वाहन चालकों से पुल पर न रुकने की अपील किया। लोगों को यह समझना चाहिए कि पुल पर वाहन बहुत तेज गति से गुजरते हैं। प्रवीण पडवळ-संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुंबई-यातायात) ने बताया, हम वाहन चालकों से अपील करते हैं कि वे अटल सेतु पर गाड़ी न रोकें और पुल पर न उतरें। ऐसा करके आप न सिर्फ अपनी बल्कि दूसरे वाहन चालकों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं।

### मेट्रो 2अ रूट पर एक्सोर-मंडपेश्वर के बीच कुछ देर के लिए यातायात रुका रहा

**मुंबई:** दहिसर-अंधेरी वेस्ट मेट्रो 2अ रूट पर मंगलवार को कुछ देर के लिए यातायात रोक दिया गया. तकनीकी खराबी के कारण यातायात बाधित हो गया। इससे यात्रियों को परेशानी हुई. इस बीच ग्रेटर मुंबई मेट्रो ट्रैफिक बोर्ड की ओर से तुरंत खराबी को ठीक कर लिया गया है और ग्रेटर मुंबई मेट्रो की ओर से जानकारी दी गई है कि ट्रैफिक कुछ देरी से शुरू हो रहा है. पहली बार, किसी बड़ी तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो 2अ लाइन पर यातायात बाधित हुआ।

## क्षय नियंत्रण संगठन के कर्मियों को जनवरी माह में बोनस का वितरण...



**मुंबई:** वैसे तो दिवाली में बोनस देने का चलन है, लेकिन मुंबई नगर निगम के जिला क्षय रोग नियंत्रण संस्थान के कर्मचारियों को जनवरी में बोनस मिला है. नगर पालिका इन कर्मचारियों को बोनस नहीं दे रही थी। इसलिए ट्रेड यूनियन कई सालों से बोनस की मांग कर रहे थे. इस साल बोनस की घोषणा हुई थी, लेकिन उन्हें नहीं मिला. आखिरकार इस साल इन कर्मियों को पांच हजार रुपये का बोनस मिल गया है.

मुंबई नगर निगम के जिला क्षय रोग नियंत्रण संस्थान में 2009 से लगभग 450 संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं। कर्मचारी घर-घर जाकर निरीक्षण, सर्वेक्षण, उपचार, रोगी की खोज, अनुवर्ती कार्रवाई करते हैं। इन कार्यों को करते समय तपेदिक के संक्रमण से श्रमिकों की मृत्यु के मामले सामने आए हैं। लेकिन इन कर्मचारियों को नगर पालिका से कोई सुविधा नहीं मिलती है. साधारण पहचान पत्र भी नहीं मिलता. इसलिए पिछले कई वर्षों से मांग हो रही है कि नगर पालिका को क्षय रोग नियंत्रण कर्मचारियों को बोनस भी देना चाहिए. इसी साल नवंबर महीने में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की थी. इन कर्मियों को बोनस देने का भी निर्देश दिया. लेकिन उन्हें बोनस नहीं मिला. इसलिए, नगरपालिका संघ ने लगातार अनुवर्ती कार्रवाई की। नगर निगम यूनियन के महासचिव रमाकांत बाने ने बताया कि पिछले सप्ताह इन कर्मचारियों को बोनस वितरित किया गया था।

# उद्धव गुट के विधायकों पर फैसले के खिलाफ का कोर्ट जाना 'नाटक', राकांपा का शिंदे गुट पर तंज



**मुंबई:** शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा अयोग्य करार नहीं दिए जाने के खिलाफ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का बंबई उच्च न्यायालय का रुख करना ह्यकुछ और नहीं महज नाटक है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 12 जनवरी को उच्च न्यायालय का रुख किया और नार्वेकर द्वारा 10 जनवरी को पारित आदेश की ''वैधता और औचित्य'' को चुनौती दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने फैसले में शिवसेना (यूबीटी) से जुड़े विधायकों को अयोग्य करार देने की याचिका खारिज कर दी थी। सत्तारूढ़ शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले ने उच्च न्यायालय से विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को ''कानून की दृष्टि से सही नहीं ठहराने, इसे रद्द करने और राज्य विधानमंडल के निचले सदन से शिवसेना (यूबीटी) के सभी 14 विधायकों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है। राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइडो क्रास्टो ने कहा, ''वे (शिंदे गुट) जानते हैं कि विधानसभा अध्यक्ष का यह फैसला उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ है और यह वहां टिक नहीं पाएगा।उन्होंने कहा कि शिंदे गुट द्वारा विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ अदालत जाना उनके निर्णय पर विपक्ष द्वारा उठाए गए संदेह और सवालों का समर्थन करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट से जुड़े 14 विधायकों को भी अयोग्य नहीं ठहराया था।



# वसई पूर्व में शेल्टर होटल के पास एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई



**वसई:** वसई पूर्व में शेल्टर होटल के पास एक इको रीसायकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है. आग सोमवार शाम करीब 7 बजे लगी और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया. वसई पूर्व के तुंगर फाटा इलाके में एक इको-रीसाइक्लिंग फैक्ट्री है। इस फैक्ट्री में रीसाइक्लिंग के लिए रखे गए प्लास्टिक के सामान में सोमवार शाम अचानक आग लग गई। इस घटना से आसपास के इलाके में उत्तेजना फैल गयी. स्थानीय लोगों ने तुरंत वसई विरार नगर निगम के अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई है. प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग लग गई। सौभाग्य से, आग में कोई घायल या फंसा नहीं, अग्निशमन विभाग ने जानकारी दी है। इससे पहले कामानम में मिक्सर फैक्ट्री में आग लग गई थी. शहर में एक सप्ताह में यह दूसरी आग लगने की घटना है।

# ठाणे में एक निजी डॉक्टर नगर निगम अस्पताल में करेगा सेवा प्रदान...



**ठाणे:** निजी डॉक्टरों ने ठाणे शहर के नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी तत्परता दिखाई है। ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने भी इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि शहर में निजी डॉक्टर एक निश्चित समय में शहर के स्वास्थ्य केंद्रों के साथ अस्पतालों में सेवाएं प्रदान करेंगे।

ठाणे नगर निगम के बजट में नागरिकों की भागीदारी के लिए आयुक्त अभिजीत बांगर द्वारा शुरू की गई पहल 'ठाणे मेरी नजर से बदल रहा है' को विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस पहल का तीसरा सत्र हाल ही में ठाणे शहर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। ठाणे नगर निगम को पहल करनी चाहिए और ठाणे शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए प्रभागवार निजी और सरकारी अस्पतालों का एक समूह बनाना चाहिए। इसके माध्यम से नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता पैदा की जाये। इसमें मुख्य रूप से दैनिक आहार, कौन से खाद्य पदार्थ खाने चाहिए और कौन से नहीं लगातार खाने चाहिए। यह जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के लिए आकर्षक तरीके से एक बोर्ड लगाया जाए और उस पर स्लोगन दिए जाएं, निश्चित तौर पर यह माध्यम फायदेमंद होगा और बच्चों को भी इसके बारे में जानकारी मिलेगी, ऐसा डॉ. ने सुझाव दिया। प्रदीप उप्पल ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर, निजी डॉक्टरों ने ठाणे नगर स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी तत्परता दिखाई। यदि नगरपालिका स्वास्थ्य केंद्र, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो इससे निश्चित रूप से गरीब नागरिकों को लाभ होगा। डॉक्टर ने यह भी सुझाव दिया कि उच्च चिकित्सा शिक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक कॉलेज की स्थापना की जानी चाहिए।

ठाणे नगर निगम के माध्यम से, आम लोगों को सस्ती दरों पर अप्रभावी दवाएं उपलब्ध कराने के लिए शहर के केंद्रीय स्थान पर एक औषधालय स्थापित किया जाना चाहिए। महामारी जैसी बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए ठोस उपाय किये जाने चाहिए।

# एटीएम तोड़ने की कोशिश में 21.11 लाख रुपये जलकर खाक !



**कल्याण:** मुंबई के डोंबिवली में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। डोंबिवली के महात्मा फुले रोड पर रविवार की देर रात भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे चुराने की कोशिश की गई। हालांकि, चोरों के हाथ कैश तो नहीं लगा, लेकिन एटीएम जल गया। पुलिस के अनुसार, चोर जब एटीएम में घुसे, तो उन्होंने गैस कटर से मशीन को काटकर कैश चुराने की कोशिश की। एटीएम में 21 लाख रुपये थे। गैस कटर की वजह से एटीएम जल गया और उसके साथ कैश भी। चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी ले भागे। विष्णुनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। डोंबिवली (पश्चिम) में महात्मा फुले रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम है। रविवार देर रात चोर इस एटीएम में घुस गए। एटीएम उनसे नहीं खुल रहा था, इसलिए उन्होंने साथ लाए गैस कटर का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

# टिटवाला में 22 हजार प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों को नोटिस !

## 300 करोड़ से ज्यादा का बकाया टैक्स...

**कल्याण :** कल्याण-टिटवाला ए वार्ड क्षेत्र के नौ वार्डों की सीमाओं पर 22 हजार 193 संपत्ति कर बकाया है, प्रशासन ने संपत्ति जब्ती समाप्त करने का नोटिस दिया है। इस नोटिस के बाद बकायेदार संपत्ति कर का भुगतान करें, अन्यथा प्रशासन उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई करेगा. संपत्ति विभाग की उपायुक्त स्वाति देशपांडे के मार्गदर्शन में ए वार्ड की सहायक आयुक्त प्रीति गाडे, अधीक्षक वसंत बाविस्कर और सहयोगी कार्रवाई कर रहे हैं. इन टैक्स डिफॉल्टर्स में टिटवाला इलाके के बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट और कुछ कंपनियां शामिल हैं. नगर पालिका मार्च के अंत तक करीब 425 करोड़ का संपत्ति कर लक्ष्य पूरा करना चाहती है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रशासन ने वार्ड के बकाएदारों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। संपत्ति विभाग की ओर से कहा गया कि टिटवाला में बकाए से करीब 250 से




300 करोड़ से ज्यादा की रकम आ रही है.

टिटवाला डिवीजन के दो भाग हैं शहरी और ग्रामीण। एक खुली, सुंदर भूमि के रूप में, इस क्षेत्र में कई आवास परियोजनाएं आ रही हैं। कुछ परियोजनाओं में, भूमि मालिकों, निवासियों और डेवलपर्स के बीच विवादों के कारण ये मामले अदालत में चले गए हैं। ऐसे स्थानों पर नगर पालिका टैक्स नहीं वसूल पा रही है। कुछ आवास परियोजनाओं के स्थानीय कार्यालय स्थायी रूप से बंद हैं। अधिकारी ने कहा, ''इस वजह से नोटिस देने में बाधाएं आ रही हैं.''वार्ड ए में 889, मोहने 2262, गालेगांव 834, अटाली 1503, मांडा 7190, टिटवाला 2992, अंबिवली 794, वडवली 550, बाल्यानी 5179 नोटिस जारी किए गए हैं। बकाएदारों को नोटिस मिलने के 72 घंटे के भीतर नगर पालिका को बकाया राशि का भुगतान करना होगा। कर विभाग के एक अधिकारी ने कहा, अवधि समाप्त होने के बाद विभाग संपत्ति मालिकों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इसके अलावा मांडा क्षेत्र में 7190, बल्याणी में 5 हजार 179 चल-अचल संपत्तियों को नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इनमें बनीबाई चाल, एकवीरानगर, बाबा धाम, तिरूपति बालाजी निवास, सृष्टि संकुल, तिवारी चाल, पाटिल चाल, समर्थ कृपा चाल, संतोषी माता चाल, नामदेव मोरे चाल, पिंपलेश्वर कॉलोनी, लकी होम्स, ग्लोबल चाल, हनामन कॉम्प्लेक्स चाल, सी शामिल हैं।

# ठाणे जिले में सरकारी कन्या हॉस्टल में हैवानियत...

## 2 कर्मियों ने लड़की को पीटा, मामला दर्ज



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सरकारी कन्या हॉस्टल (आश्रय स्थल) में रहने वाली एक लड़की से मारपीट करने और अन्य लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में दो महिला कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने जिला महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों को प्राप्त एक वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि शिकायत के अनुसार, उल्हासनगर स्थित हॉस्टल में रहने वाली 16 वर्षीय लड़की पर एक महिला कर्मी ने हमला किया जबकि उसकी सहकर्मी ने एक अन्य लड़की को उसके पैरों की मालिश करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि लड़कियों ने आरोप लगाया कि महिला कर्मियों ने उनकी बात नहीं मानने पर लड़कियों को भिवंडी सुधार गृह भेजने की धमकी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और जांच जारी है।

ठाणे पुलिस ने इस संबंध में 12 जनवरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के लिए सजा) और 506 (आपराधिक जांच के लिए सजा) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया था।

# मिलिंद देवड़ा के बाद बागी हुए 23 कांग्रेसी निलंबित, शिवसेना शिंदे गुट में हुए शामिल

**मुंबई :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के नेतृत्व में 10 नगर सेवक एवं कई कांग्रेसी पदाधिकारी रविवार को शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए। देवड़ा और उनके सहयोगियों की इस बगावत को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने दक्षिण मुंबई में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद इसकी घोषणा की।

वर्षा गायकवाड़ ने देवड़ा के साथ गए कांग्रेस पदाधिकारियों को निलंबित करने का आदेश देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी और विचारधारा के प्रति वफादार होते हैं, वे सफल होते हैं। दुर्भाग्य से मिलिंद ने पार्टी और विचारधारा से भी नाता तोड़ लिया, हालांकि



एक व्यक्ति के चले जाने से न तो पार्टी कमजोर होती है और न ही उसकी विचारधारा। वर्षा द्वारा कार्यकताओं को संबोधित किए जाने के दौरान मुंबई कांग्रेस कार्यालय में विधायक अमीन पटेल, वरिष्ठ नेता भंवर सिंह राजपुरोहित, मनपा में विपक्ष के पूर्व नेता ज्ञानराज निकम, किशन जाधव, अशफाक सिद्दीकी, पूरन दोशी के अलावा दक्षिण मुंबई जिले के 350 से ज्यादा कार्यकर्ता मौजूद थे।

ये हैं 23 निलंबित लोग

मुंबई कांग्रेस ने जिन 23 लोगों को निलंबित किया है उनमें दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष प्रमोद मांद्रेकर, पूर्व नगरसेवक सुशीबेन शाह, सुनील नरसाले, रामबचन मुरारी, हंसा मारू, पूर्व नगरसेविका अनिता यादव, दक्षिण मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश यादव, मुंबई कांग्रेस महासचिव प्रकाश राऊत और एड. त्र्यंबक तिवारी सहित अन्य शामिल हैं।




# ट्रक टर्मिनल निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई!

## ठाणे शहर के गेट पर बनाया जाएगा ट्रक टर्मिनल

**ठाणे:** शहर की महत्वपूर्ण सड़कों पर रात के समय और दिन में अक्सर ट्रक और भारी वाहन खड़े रहने के कारण अक्सर देखा जाता है कि शहर में ट्रैफिक जाम हो जाता है. इसके समाधान के रूप में शहर के प्रवेश द्वार पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में खारेगांव में एक ट्रक टर्मिनस स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इस प्रयोजन के लिए आवश्यक भूमि हस्तांतरित करने के लिए ठाणे नगर निगम द्वारा पत्राचार भी किया गया है। इससे इस बात की प्रबल संभावना है कि अगले कुछ दिनों में ट्रक टर्मिनल का निर्माण शुरू हो जाएगा. इससे शहर में ट्रैफिक जाम से कुछ राहत मिल सकती है।



औद्योगिक संपदा में माल परिवहन के लिए वाहनों का आना-जाना लगा रहता है।कंटेनरों और ट्रकों से माल की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए अक्सर ड्राइवरों को रुकने की आवश्यकता होती है। लेकिन ऐसे समय में इन वाहनों को कुछ प्रमुख सड़कों पर चालकों द्वारा पार्क कर दिया जाता है, क्योंकि इनके पास कोई विशेष जगह नहीं होती है।इसका सीधा असर शहर के यातायात पर पड़ता है।सड़क पर भारी वाहनों का कब्जा होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।इसके समाधान के रूप में, राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उनके लिए ट्रक टर्मिनल स्थापित किए जा रहे हैं।इस स्थान पर सैकड़ों वाहनों की पार्किंग क्षमता, शौचालय, विश्राम कक्ष, वाहन मरम्मत केंद्र जैसी विभिन्न सुविधाएं उभर रही हैं।

जिले में बड़ी संख्या में औद्योगिक संपदाएं हैं और जेएनपीटी बंदरगाह तक पहुंचने के लिए सभी वाहन ठाणे से गुजरते हुए देखे जाते हैं। चूंकि इन वाहनों के खड़े होने के लिए कोई जगह उपलब्ध नहीं है, इसलिए सड़कों के दोनों किनारों पर इन वाहनों के खड़े होने से अक्सर यातायात जाम हो जाता है।इस संबंध में भाजपा विधायक निरंजन डावखरे ने सितंबर में हुई जिला योजना समिति की बैठक में इस ट्रक टर्मिनल के निर्माण का मुद्दा उठाया था. सभी जन प्रतिनिधियों ने भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए ट्रक टर्मिनल के निर्माण के लिए कार्रवाई के निर्देश दिये. इसके अनुसार, ठाणे मनपा प्रशासन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय कर रहा है और मनपा आयुक्त ने बताया है कि भूमि हस्तांतरण के लिए पत्राचार भी शुरू कर दिया गया है. इसलिए, अगर आने वाले समय में ठाणे जिले के प्रवेश द्वार पर एक ट्रक टर्मिनल का निर्माण किया जाता है, तो संकेत हैं कि शहर के भीतर यातायात भीड़ की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी।

# सपा नेता व पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के मुंबई स्थित ठिकानों पर ईडी की छापेमारी...

## 6 फ्लैट हुए सीज

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को सपा नेता व पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के मुंबई स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। खनन घोटाले में आरोपित प्रजापति के परिवारीजन के नाम पर छह फ्लैट में ईडी ने कार्रवाई कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं। मलाड़ व बोरीवली के क्रिसेंट व बालाजी कारपोरेट्स सोसायटी में स्थित इन फ्लैटों की कीमत 15 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी की लखनऊ व मुंबई टीमों की इस कार्रवाई में कुछ बैंक खातों की भी जानकारी मिली है। यह फ्लैट प्रजापति के बेटे अनुराग, अनिल व बहू शिल्पा तथा पूजा के नाम पर खरीदे गए थे।ईडी ने प्रजापति के विरुद्ध खनन घोटाले में आय से अधिक संपत्ति तथा मनी लांड्रिंग के मामले में 2021 में जांच शुरू की थी।



आठ अप्रैल 2021 को ईडी ने लखनऊ के मोहनलालगंज के इंद्रजीत खेड़ा में प्रजापति के नौकर राम सहाय के नाम खरीदे गए 10 बीघा भूखंड को जब्त किया था।यहां पर प्लाटिंग की जा रही थी। इसके बाद ईडी ने प्रजापति की कई बेनामी संपत्तियों की सूची बनाई थी।उनकी काली कमाई से मुंबई में कई संपत्तियों के खरीदे जाने की सूचना ईडी को मिली थी। उसके बाद से प्रजापति के मुंबई स्थित ठिकानों का पता लगाया जा रहा था। सोमवार को हुई छापेमारी के बाद ईडी ने प्रजापति की मुंबई स्थित संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# माता-पिता के चिल्लाने के डर से छात्रा ने आत्महत्या का किया प्रयास




**पनवेल:** अपने माता-पिता को बताए बिना अपने दोस्त के साथ घूमने जाने पर उसके माता-पिता उस पर चिल्लाएंगे, इस डर से नौवीं कक्षा की एक छात्रा ने रविवार सुबह 10:30 बजे 30 फीट ऊंचे फ्लाईओवर से खाड़ी में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।तलोजा कॉलोनी में रहने वाले छात्र का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत ठीक है।संबंधित छात्रा के माता-पिता ने तलोजा पुलिस स्टेशन में अपनी 14 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।छात्रा शनिवार दोपहर तीन बजे घर से निकली और सुबह जल्दी घर लौट आई।

सुबह-सुबह घर लौटने पर बच्ची की मां चिल्लायी. लड़की इस डर से घर से निकल गई कि सुबह उसके पिता फिर चिल्लाएंगे। उसके माता-पिता की तलाश के बाद वह नहीं मिली। ये माता-पिता तलोजा पुलिस के पास पहुंचे।तब तक, कुछ नागरिकों ने लड़की को तलोजा चरण 1 और 2 दोनों कॉलोनियों को जोड़ने वाले पुल पर देखा। यहां नागरिक एकत्र होने लगे।कुछ ही देर में पुलिस भी वहां पहुंच गई. लेकिन तब तक लड़की डर के मारे नाले में कूद गई. खाड़ी में पानी और पत्थरों के कारण वह घायल हो गई। सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील गुरव ने लोकसत्ता से बात करते हुए बताया कि कामोठे के एमजीएम अस्पताल में इलाज के बाद लड़की सुरक्षित है।

# विट्ठलवाड़ी में शराब के लिए युवकों ने एक मजदूर की हत्या का किया प्रयास

**कल्याण:** शराब पीने के लिए पैसे देने से इनकार करने पर विट्ठलवाड़ी के पांच युवकों ने एक मजदूर को रोका. उन्होंने उसे जमकर पीटा और धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या करने की कोशिश की. दो दिन पहले विट्ठलवाड़ी बस स्टैंड के सामने सड़क पर यह घटना घटी. मजदूर का नाम संदीप हरि विश्वकर्मा (30) है।वह अपने परिवार के साथ खाड़ेगोलवली के औडेराम नगर में



रहते हैं। उनका इलाज मुंबई के शिव स्थित लोकमान्य तिलक अस्पताल में चल रहा है। आरोपियों की पहचान ओम उर्फ तुषार भोसले, रितिक उर्फ चूहा साबले, प्रेम सिंह उर्फ गुंडा, विशाल यादव उर्फ दही और पुई के रूप में हुई है। इन सभी आरोपियों की उम्र 23 से 25 साल के बीच है। पुलिस ने बताया, शिकायतकर्ता मजदूर संदीप विश्वकर्मा दिन भर के काम के बाद पैदल ही खाड़ेगोलवली स्थित अपने घर जा रहा था. बच्चों के लिए खाना ले जाया गया. जब संदीप विट्ठलवाड़ी बस आगार के पास आया तो पांच आरोपी युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने धमकी दी कि हमें शराब पीने के लिए पैसे दो नहीं तो हम यहां से नहीं जाएंगे।

मैं दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद घर जा रहा हूं। संदीप ने युवक से कहा कि मेरे पास तुम्हें देने के लिए पैसे नहीं हैं। इस वाक्य से गुस्साए आरोपी युवकों ने संदीप को पीटना शुरू कर दिया। उसे पटक कर मार डाला गया. उस पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया गया. चूँकि इस बार संदीप अकेला था इसलिए कोई उसे बचाने के लिए आगे नहीं आया। आरोपियों ने संदीप की जेब से दिनभर की मजदूरी से मिले एक हजार रुपये और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। वे भाग खड़े हुए।

# किशोरी के मॉडलिंग का शौक परिवार को पड़ा भारी, रील्स बनाने की ख्वाहिश में लड़की हुई फरार, मुंबई पहुंचने से पहले हुआ कुछ ऐसा

**मुंबई :** शाहगंज से दो सप्ताह पहले लापता नौवीं कक्षा की दोनों छात्राओं को पुलिस ने अमृतसर से बरामद कर लिया। दोनों छात्राओं को स्वजन के सिपुर्द कर दिया गया।शाहगंज की रहने वाली नौवीं की छात्रा अपनी हमउम्र सहपाठी के साथ 27 दिसंबर को घर से निकली थीं।इसके बाद से दोनों लापता हो गई थीं। स्वजन ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।शाहगंज से दोनों सीसीटीवी में कैंट स्टेशन जाती दिखीं। पुलिस को दोनों की साइकिल कैंट रेलवे स्टेशन पर मिली थीं। वहां के सीसीटीवी फुटेज में दोनों निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन जाने वाली ट्रेन में बैठती दिखाई दी थीं।

पुलिस निजामुद्दीन स्टेशन पहुंची तो पता चला कि वह अमृतसर जाने वाली ट्रेन में बैठी थीं। पुलिस ने अमृतसर में भी गहन छानबीन की। वहां एक गुरुद्वारा में दोनों छात्राएं मिल गईं। छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वह एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकतीं। स्वजन को उनकी मित्रता पर एतराज था। उन्हें लगा कि स्वजन अलग करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने घर छोड़ दिया।

अमृतसर पहुंचने के बाद सहेली ने अपने बाल लड़के की तरह कटवा लिए। अपना नाम कृष्णा रख लिया। सहेली का नाम काव्या रख दिया। अमृतसर में एक होटल में कुछ दिन नौकरी भी की थी। कर्मचारियों को शक हुआ तो नौकरी छोड़ दी। प्रभारी निरीक्षक शाहगंज आलोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्राओं को स्वजन के सिपुर्द कर दिया है।

# मुंबई के परेल ब्रिज पर भीषण सड़क हादसा, मोटरसाइकिल और डंपर गाड़ी की हुई जोरदार टक्कर... 3 की मौत




**परेल :** मुंबई के परेल ब्रिज पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां मोटरसाइकिल और डंपर गाड़ी की जोरदार टक्कर हुई है जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है और भोईवाड़ा पुलिस आगे की जांच कर रही है। इससे पहले फिरोजपुर झिरका में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक खड़े ट्रक से कार के टकरा जाने से दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिकट्रक में इंडिकेटर नहीं था और वह राजमार्ग पर लापरवाही से खड़ा था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com